# मैरून बेरेट सेरेमोनियल परेड

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **वायु सेना के विशिष बल 'गरुड़' कमांडो** के प्रशिक्षण के सफल समापन को चिह्नित करने के लिये **गरुड़ रेजिमेंटल ट्रेनिंग सेंटर (GRTC),** वायु सेना स्टेशन चाँदीनगर, उत्तर प्रदेश में **मरून बेरेट सेरेमोनियल परेड** आयोजित की गई थी।

## मुख्य बिंदु:

- गरुड़ कमांडो फोर्स **भारतीय वायु सेना की विशिष बल इकाई** है। इसका **गठन फरवरी 2004** में किया गया था और इसकी वर्तमान संख्या 1500 से अधिक कर्मियों की है।
    - गरुड़ बलों को आपदाओं के दौरान **महत्त्वपूर्ण वायु सेना अड्डों और प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, खोज, बचाव एवं आपदा राहत कार्य** सौंपा जाता है।
    - **वर्ष 2004 में,** **संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों** के हिस्से के रूप में **गरुड़ को कांगो में तैनात** किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maroon-beret-ceremonial-parade